फा. सं. 36-02/2019-टीएस.VII
भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
तकनीकी अनुभाग - VII

निदेशक, भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, मोहाली (आईआईएसईआरएम) की नियुक्ति

भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, मोहाली (आईआईएसईआर-एम) में रू. 2,25000/- (नियत) पर निदेशक पद की नियुक्ति हेतु आवेदन//नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रशासनिक साथ ही साथ शैक्षिक प्रमुख होने के नाते निदेशक, आईआईएसईआर के पास नेतृत्व गुणों के साथ-साथ, पीएच.डी. स्तर पर अनुसंधान मार्गदर्शन में अनुभव सहित प्रशासनिक, शिक्षण और अनुसंधान क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव होना अपेक्षित है।

2. यह नियुक्ति संविदा आधार पर पांच वर्षों के कार्यकाल या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, के लिए होगी। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की आयु 31.03.2019 को 65 वर्ष से कम होनी चाहिए।

3. अर्हताएं और अनुभव : किसी भी वैज्ञानिक विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के साथ अधिमानत: शुद्ध विज्ञान में पीएच.डी.। इसके अतिरिक्त, आवेदक उत्कृष्ट शैक्षिक रिकॉर्ड के साथ वह अपने विशेषज्ञता क्षेत्र में एक प्रख्यात व्यक्ति होना चाहिए। आवेदक के पास शिक्षण/अनुसंधान के क्षेत्र में 15 वर्षों का अनुभव होना चाहिए जिनमें से कम से कम 10 वर्ष का अनुभव प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान/ अनुसंधान संगठन में प्रोफेसर (छठे वेतन आयोग के अनुसार पे बैंड - 4, एजीपी रू.10,000 और/या सातवें वेतन आयोग की मेट्रिक्स का 14 वां स्तर) या उच्चतर पद पर होना चाहिए।

4. आईआईएसईआर, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूर्णत: वित्तपोषित स्वायत्त संस्थान हैं। सम्यक रूप से गठित चयन समिति द्वारा विज्ञापन की प्रतिक्रिया में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की जाएगी। निदेशक की नियुक्ति समिति की सिफारिशों और भारत के राष्ट्रपति, जो कि संस्थान के विजिटर हैं, के अनुमोदन से की जाएगी।

5. सरकारी विभागों, स्वायत्त संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारी सतर्कता अनापत्ति के साथ उपयुक्त चैनल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, वे अपने आवेदन की अग्रिम प्रतियों को सीधे नीचे उल्लिखित पते पर भेज सकते हैं।

6. संलग्न प्रोफार्मा (संलग्नक) में सादे कागज पर टंकित आवेदन, बायो डाटा के साथ सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत करते हुए रजिस्टर/स्पीड पोस्ट के माध्यम से श्री राजेश सोलंकी, अवर सचिव (विज्ञान), भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, कमरा नं. 525, 'सी' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली -110 001 को 8 अप्रैल, 2019 तक भेजे जाने चाहिएं।

7. आवेदकों द्वारा उनके वर्तमान संगठनों से उनके सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र के साथ-साथ (i) अवर स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएच.डी. डिग्री (ii) जन्म तिथि का साक्ष्य (ii) प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान/ अनुसंधान संगठन में प्रोफेसर (छठे वेतन आयोग के अनुसार पे बैंड - 4, एजीपी रू.10,000 और/या सातवें वेतन आयोग मेट्रिक्स का 14 वां स्तर) या उसके उच्चतर पद पर कम से कम 10 वर्ष के अनुभव के साक्ष्य की प्रतियों को भी सीधे इस मंत्रालय में उपरोक्त पते पर भेजें।

8. कृपया ध्यान रखे कि अपूर्ण पाये जाने वाले और आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों को पूरी तरह अस्वीकार कर दिया जाएगा।

अन्य जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://www.mhrd.gov.in , www.iisermohali.ac.in, http://www.dst.gov.in/ and https://dopt.gov.in/ देखें।

भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, मोहाली में निदेशक पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन

1. नाम :……………………………………………………………… …………….

2. वर्तमान पद :…………………………..………… ……………………………

3. पत्र व्यवहार का पता :

……………………………………………………………………………......

……………………………………………..

4. ई-मेल पता : ………………………………………………………………………

5. दूरभाष सं. (मोबाइल और लैंडलाइन): …………………………………………………………

6. जन्म तिथि और 31/03/2019 को आयु : ……………………………………………………...

7. शैक्षणिक/ व्यावसायिक/ तकनीकी अर्हताएं (स्नातक से प्रारंभ): (प्रमाणपत्रों/अंक तालिकाओं इत्यादि की सत्यापित प्रतियां और पूर्ण विवरण के लिए अलग से शीट संलग्न करें)

क्र.सं.	उत्तीर्ण परीक्षा	बोर्ड/विश्वविद्यालय	अवधि	उत्तीर्ण वर्ष	अंको के प्रतिशत के साथ श्रेणी	अध्ययन विषय/ विशेषज्ञता

8. विपरीत कालक्रमानुसार रोजगार विवरण (पूर्ण विवरण के लिए अलग से शीट संलग्न करें) :

क्र.सं.	संस्थान/संगठन	रोजगार की अवधि		वेतन मान (7वें सीपीसी/पे बैंड के अनुसार 14वां स्तर और 6वें सीपीसी के अनुसार जीपी)
		से	तक	

9. प्रोफेसर अथवा समकक्ष स्तर पर वर्षों में अनुभव (7वें सीपीसी का 14वां स्तर): ……………..
10. प्रशासनिक अनुभव के कुल वर्ष : …………………… (पूर्ण विवरण के लिए अलग से शीट संलग्न करें)

जारी./..

11. निर्देशित पीएच.डी विद्यार्थियों की संख्या :

क) पूरी की गई : ………………………..

ख) जारी : ....

12. प्रकाशनों की संख्या

क) राष्ट्रीय : ……………………….

ख) अंतर्राष्ट्रीय : ....

13. पेटेंटों की संख्या

क) राष्ट्रीय :……………………….

ख) अंतर्राष्ट्रीय : ....

14. शोध परियोजनाओं की संख्या :

क) पूरी की गई : ………………………..

ख) जारी : ....

15. विभिन्न राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक अध्येतावृत्तियां : ....

16. अवार्ड और सम्मान (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर):………………………………….............

17. कोई अन्य जानकारी : ....

तिथि :

(आवेदक के हस्ताक्षर)

नोट : आवेदन के साथ नियोक्ता/समक्ष प्राधिकारी से इस आशय का प्रमाण पत्र संलग्न करें कि आवेदक के विरूद्ध किसी प्रकार का कोई सतर्कता मामला लम्बित अथवा विचाराधीन नहीं है।